(b) the steps taken to achieve the said targets;

(c) the achievement made in that regard upto 30th June, 1989; and

(d) how many more TV transmitters are likely to be set up by the end of the Seventh Five Year Plan in that State?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (PROF. K. K. TEWARY): (a) The Seventh Plan of Doordarshan *inter alia* envisaged establishment of 10 TV transmitters and one TV transposer in Orissa. Under an additional scheme recently approved, establishment of nine additional TV transmitters in Orissa has been envisaged.

(b) and (c) Eight TV transmitters were installed and commissioned into service in Orissa up to the 30th June, 1989, and one during July, 1989. Sites for all the remaining transmitters (except one) and the one transposer have been finalised and orders for the required equipment placed on the manufacturers.

(d) Nine more TV transmitters and one transposer are expected to be commissioned into service during the remaining part of the Seventh Plan period.

**दूरदर्शन ट्रांसमीटर / रिले केन्द्र, सवाई माधोपुर का कार्यकरण**

440. **डा० अबरार अहमद खान :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि सवाई माधोपुर में लगाये गये दूरदर्शन ट्रांसमीटर रिले केन्द्र से सवाई माधोपुर की 50 प्रतिशत जनता को भी लाभ नहीं हो रहा है ;

(ख) इस दूरदर्शन ट्रांसमीटर रिले केन्द्र को सवाई माधोपुर की किसी पहाड़ी के ऊपर न लगाकर इस शहर की हद से बाहर लगाये जाने का क्या कारण है, जबकि सवाई माधोपुर चारों ओर से पहाड़ियों से घिरा हुआ है ; और

(ग) क्या सरकार इस ट्रांसमीटर को इस क्षेत्र की किसी पहाड़ी के ऊपर लगाये जाने का विचार रखती है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो० के०के० तिवारी) :** (क) सवाई माधोपुर का दूरदर्शन रिले केन्द्र सवाई माधोपुर और मान नगर स्थित दोनों की लगभग 80 प्रतिशत जनसंख्या को सेवा प्रदान कर रहा है । बीच-बीच में पहाड़ियों के कारण छोटा क्षेत्र और आसपास सवाई माधोपुर शहर के कुछ हिस्सों को सेवा प्राप्त नहीं हो रही है ।

(ख) जनता को तत्काल दूरदर्शन सेवा उपलब्ध कराने के विचार से अंतरिम उपाय के रूप में यह ट्रांसमीटर किराये की इमारत में लगाया गया है ।

(ग) यह ट्रांसमीटर अपने स्थायी स्थान पर एंटीना के साथ 100 मीटर ऊंचे टावर पर स्थानान्तरित किया जायेगा जिससे इसकी कवरेज बहुत बढ़ जायेगी ।

**ग्रामीण तथा शहरी बेरोजगार व्यक्तियों के लिए रोजगार योजना**

441. **डा० अबरार अहमद खान :** क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्तमान वर्ष में शहर के पढ़े लिखे बेरोजगारों को रोजगार देने के लिये "स्वरोजगार योजना" के तहत कोई रोजगार स्कीम बनाई गयी है अथवा उस पर विचार किया जा रहा है ;

(ख) देश में इस समय शहरी बेरोजगार व्यक्तियों और ग्रामीण बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या अलग-अलग कितनी है और पूरे समय का रोजगार प्राप्त और